>

Title: Need to expedite the construction of bypass on National Highway No. 80 passing through Bhagalpur in Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं जिस विषय को जीरो आवर में उठाना चाहता हूं, वह मामला एनएच-80 बाईपास का है और यह बहुत गंभीर मुद्दा है।। विगत 12-13 साल से यह मामला लंबित है। इस कारण भागलपुर की ऐसी स्थिति हो गई है कि अब यह चारों तरफ से जाम की समस्या से गुजर रहा है। बाईपास को रेखांकित किया गया है और 11 साल से जमीन का भी अधिग्रहण कर लिया गया है। इसके बावजूद भी टैंडर होता है, कैंसल हो जाता है और कोई कोर्ट चला जाता है। आज की स्थिति में टैंडर होने के बाद कोर्ट चला गया और उसे वापस विभाग भेज दिया गया।

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि अविलंब फिर से टैंडर कराकर काम शुरु किया जाए। 11 साल से अधिग्रहण हो चुका है, सारा सॉल्यूशन निकाल लिया गया है। मेरा निवेदन इतना है कि वहां काम शुरु हो जाए ताकि भागलपुर के लोग जाम की समस्या से मुक्ति पा सकें। यह बहुत गंभीर समस्या है। विक्रमशिला सेतु पर इस तरह का जाम रहता है कि पूरा शहर जाम की समस्या से त्रस्त है। मेरा निवेदन है कि अविलंब टैंडर कराकर आदेश दिया जाए और इसे बनाया जाए।

HON. SPEAKER: Shri Anto Antony, the discussion will take place on this. In spite of that, do you want to raise it?